PRESTO

## PRESTO का प्रयोग कैसे करें

PRESTO ग्रेटर टोरोंटो एंड हैमिल्टन एरिया (Greater Toronto and Hamilton Area) (जी.टी.एच.एच.) (GTHA), और ओटावा (Ottawa) में ट्रांज़िट एजेंसियों पर प्रयोग की जाने वाली इलेक्ट्रोनिक भुगतान प्रणाली है। PRESTO सवारियों को सबसे अधिक संभव सुविधाजनक किराया भुगतान विकल्प देने के लिए स्मार्टकार्ड टेक्नोलॉजी का उपयोग करती है।

### 1. कार्ड खरीदें

**PRESTOcard.ca** पर ऑनलाइन अथवा निम्न ब्रैंप्टन ट्रांज़िट टर्मिनल्स या फेसिलिटीज में से एक पर PRESTO कार्ड खरीदें:

- **ब्रैंप्टन गेटवे टर्मिनल (Brampton Gateway Terminal)**
  501 मेन स्ट्रीट साउथ
  (501 Main Street South)
- **ब्रैम्ली टर्मिनल (Bramalea Terminal)**
  160 सेंट्रल पार्क ड्राइव
  (160 Central Park Drive)
- **क्लार्क फेसिलिटी (Clark Facility)**
  185 क्लार्क बुलेवार्ड
  (185 Clark Boulevard)
- **डाउनटाउन टर्मिनल (Downtown Terminal)**
  8 नेल्सन स्ट्रीट वेस्ट
  (8 Nelson Street West)
- **सैंडलवुड फेसिलिटी (Sandalwood Facility)**
  130 सैंडलवुड पार्कवे वेस्ट
  (130 Sandalwood Parkway West)
- **ट्रिनिटी कॉमन टर्मिनल (Trinity Common Terminal)**
  164 ग्रेट लेक्स बुलेवार्ड
  (164 Great Lakes Boulevard)

PRESTO कार्ड चुनिंदा शॉपर्स ड्रग मार्ट (Shoppers Drug Mart) स्टोरों पर भी उपलब्ध हैं; आप कार्ड खरीद सकते हैं, फंड या ब्रैंप्टन ट्रांज़िट (Brampton Transit) मासिक अथवा साप्ताहिक पास लोड कर सकते हैं और किराए का प्रकार सेट कर सकते हैं। स्थानों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया **prestocard.ca/shoppersdrugmart** पर जाएं।

खरीद पर $6 की ग़ैर-रिफंड करने योग्य जारी करने की फीस है।

### 2. अपना कार्ड लोड करें -

PRESTO के साथ, आपके पास अपने कार्ड में विभिन्न उत्पाद लोड करने का लचीलापन है। दो प्रकार के PRESTO लोड्स हैं:

- **पैसा डालें (कार्ड बैलेंस):** अपने PRESTO कार्ड में न्यूनतम $10 लोड करें। आप $1,000 तक का अधिकतम बैलेंस रख सकते हैं। जब आप सवारी करते हैं, तो आपकी यात्रा का किराया आपके कार्ड पर स्टोर किए गए बैलेंस से काट लिया जाता है।
- **मासिक/साप्ताहिक पास शामिल करें:** मासिक अथवा साप्ताहिक पास के साथ, आप असीमित संख्या में यात्राएं कर सकते हैं, जब पास सक्रिय हो।

### 3. मेरा PRESTO खाता बनाना

यदि आप मेरा PRESTO खाता (My PRESTO Account) बनाना चाहते हैं, तो ब्रैंप्टन ट्रांज़िट टर्मिनल अथवा फेसिलिटी से अपना कार्ड खरीदने के बाद 24 घंटे तक इंतजार करें।

- **PRESTOcard.ca** पर ऑनलाइन अपना मेरा PRESTO खाता बनाएं।
- अपना मेरा PRESTO खाता बनाने के 24 घंटे बाद, मेरा PRESTO खाता प्रक्रिया को पूरा करने के लिए आपको 30 दिन की अवधि के अंदर **किसी भी** PRESTO-समर्थित डिवाइस* पर थपथपाना होगा। 30 दिन बाद, आपके मेरा PRESTO खाता की अवधि समाप्त हो जाएगी। यदि आपके मेरा PRESTO खाता की अवधि समाप्त हो जाती है, तो इसे पुनः सक्रिय करने के लिए 1-8-PRESTO-123 (1-877-378-6123) पर फोन करें।

* PRESTO-समर्थित डिवाइसों में शामिल हैं:

- ब्रैंप्टन ट्रांज़िट टर्मिनल्स और फेसिलिटीज पर बैलेंस चेकर (Balance Checkers)
- ब्रैमली टर्मिनल (Bramalea Terminal), डाउनटाउन टर्मिनल (Downtown Terminal) और माउंट प्लैज़ेंट गो स्टेशन (Mount Pleasant GO Station) पर टिकट वेंडिंग मशीनें (Ticket Vending Machines)
- ब्रैंप्टन ट्रांज़िट बसों पर किराया भुगतान डिवाइसें

अपने मेरा PRESTO खाता को सक्रिय करने के लिए किराया भुगतान डिवाइस तभी प्रयोग करें, यदि यह आपकी यात्रा का हिस्सा है, क्योंकि यह आपके कार्ड के थपथपाने पर किराया काट लेगी। वैकल्पिक रूप से, आप अपना मेरा PRESTO खाता सक्रिय करने के लिए बैलेंस चेकर का प्रयोग कर सकते हैं, यदि आप उस समय यात्रा नहीं कर रहे हैं।

**नोट:** यदि आप वयस्क हैं और मेरा अपना PRESTO खाता नहीं बनाना चाहते हैं, तो आपका कार्ड बिना किसी खाते के बिना एक डिफॉल्ट वयस्क कार्ड रहेगा (मेरा PRESTO खाता बनाने के लाभ देखें) ।

### 4. छूट वाले किराए सेट करना

**बाल*, युवा और बुजुर्ग** – हालांकि यह सिफारिश की जाती है कि आप मेरा PRESTO खाता बनाएं, बिना खाते वाले कार्ड बाल, युवा, बुजुर्ग छूट वाले किरायों के साथ सेट किए जा सकते हैं। छूट वाला किराया ब्रैंप्टन ट्रांज़िट अथवा फेसिलिटी पर खरीद के समय खुद आकर सेट किया जा सकता है।

*यदि कोई बच्चा PRESTO कार्ड का प्रयोग करता है, तो बच्चे के 13वें जन्मदिन पर, कार्ड पर किराया श्रेणी स्वचलित रूप से बाल से

# PRESTO

वयस्क में बदल जाएगी। 13-19 वर्ष के बीच की आयु वाले ग्राहक युवा किराया श्रेणी के लिए पात्र हो सकते हैं; इसे युवा पर सेट करने के लिए ब्रैंप्टन टर्मिनल अथवा फेसिलिटी पर जाएं।

**अतिरिक्त यात्रियों के लिए भुगतान करने हेतु अपना PRESTO कार्ड प्रयोग करें –** किसी किराया भुगतान डिवाइस पर अपने PRESTO कार्ड को थपथपाने के बाद, ऑपरेटर को सूचित करें कि आप अतिरिक्त यात्रियों के लिए भुगतान करना चाहते हैं। ऑपरेटर अतिरिक्त यात्रियों को दर्ज करेगा और आपको किराया काटने के लिए ऑपरेटर की PRESTO डिवाइस पर आपका कार्ड थपथपाने का निवेदन करेगा।

**नोट:** अतिरिक्त यात्रियों से वयस्क सवारी का किराया लिया जाएगा।

## मेरा PRESTO खाता बनाने के लाभ

मेरा PRESTO खाता बनाकर आप यह कर सकते हैं:

- **अपना बैलेंस सुरक्षित रखें** यदि आपका कार्ड गुम या चोरी हो जाता है तो आप अपना कार्ड रद्द कर सकते हैं और एक बदली कार्ड में बैलेंस ट्रांसफर कर सकते हैं।
  - PRESTO को गुम हुए कार्ड की रिपोर्ट करें और इसे रद्द करवाएं। इसके गुम होने की रिपोर्ट करने के 24 घंटे के अंदर खर्च हुए फंड के लिए आप जिम्मेदार होंगे। आपको बदली कार्ड खरीदना होगा और कार्ड पर न्यूनतम $10 की राशि लोड करनी होगी। अपने नए कार्ड के लिए मेरा PRESTO खाता न बनाएं। कार्ड को रद्द करने और अपना नया कार्ड प्राप्त करने के चौबीस घंटे बाद, अपने पुराने कार्ड से फंड ट्रांसफर करवाने के लिए ऑनलाइन जाएं अथवा PRESTO कॉल सेंटर (PRESTO Call Centre) को 1-8-PRESTO-123 (1-877-378-6123) पर फोन करें।
- अपना कार्ड स्वचलित रूप से पुनः लोड करने के लिए **ऑटोलोड अथवा ऑटोरिन्यु सेट अप करें**।
  - ऑटोलोड आपके PRESTO कार्ड को आपके बैंक खाते अथवा क्रेडिट कार्ड द्वारा स्वचलित रूप से पुनः लोड कर देगा, जब आपका बैलेंस आपके द्वारा चुनी गई डॉलर राशि से कम हो जाएगा।
  - यह डॉलर राशि $5 और $60 के बीच होनी चाहिए। आप $20 तक की न्यूनतम राशि और अधिकतम $980 तक की राशि ऑटोलोड कर सकते हैं।

**नोट:** न्यूनतम और अधिकतम राशियां PRESTO द्वारा बिना किसी नोटिस के बदली जा सकती हैं। आपका नया बैलेंस तुरंत आपके कार्ड पर दिखाई देगा।

- **अपने ट्रांजैक्शन इतिहास की समीक्षा करें।**
  - अपना बैलेंस देखें और अपने खपत इतिहास तक पहुंच प्राप्त करें।
- **आपातकालीन यात्रा**
  - बिना पूरे फंड के कोई ग्राहक जारी करने के समय से दो-घंटे ट्रांसफर के साथ एक बार टैप का हकदार है।

कार्ड नेगेटिव बैलेंस में चला जाएगा और अगली बार जब आप अपना कार्ड लोड करेंगे तो स्वचलित रूप से इसका भुगतान हो जाएगा। पुनः लोड करने के समय नेगेटिव बैलेंस भुगतान $0.25 है।

**महत्वपूर्ण नोट:** जब आप अपना कार्ड रद्द करवा दें, तो आप ऑनलाइन एक बदली PRESTO कार्ड ऑर्डर कर सकते हैं, अथवा खुद जाकर $6 का एक नया कार्ड खरीद सकते हैं (कार्ड बैलेंस में डालने के लिए न्यूनतम $10 की आवश्यकता होती है), और नए कार्ड में अपने मौजूदा कार्ड का बैलेंस ट्रांसफर कर सकते हैं।

यह जरूरी है कि आप अपने नए PRESTO कार्ड के लिए मेरा PRESTO खाता न बनाएं; ऐसा बदली प्रक्रिया के द्वारा स्वचलित रूप से हो जाएगा।

## PRESTO से संपर्क करें

**फोन:** 1-8-PRESTO-123 (1-877-378-6123)
**ऑनलाइन:** prestocard.ca

